**बिहार सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2024–25**

पत्रांक :– 1415 /एम0, पटना, दिनांक 06/03/25

वर्ष 2024–25 का प्रशासनिक प्रतिवेदन एवं वर्ष 2025–26 का वक्तव्य का प्रतियों के साथ माननीय विधान सभा एवं विधान परिषद् सदस्यों के बीच बॉटी जाने वाली सामग्रियों यथा एक्सक्यूटिव बैग/ट्रॉली बैग का क्रय करने हेतु ख्याति प्राप्त आपूर्तिकत्ताओं या उनके प्राधिकृत डीलर/एजेंसी द्वारा निविदा दिनांक 13.03.2025 के 03:00 बजे अपराह्न तक अद्योहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है। सभी प्राप्त निविदा को उसी तिथि को अपराह्न 05:00 बजे निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्राप्ति का स्थान अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग के कार्यालय कोषांग है। निविदा से संबंधित तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड का प्रपत्र अलग–अलग सील बंद लिफाफे में प्राप्त किये जाएगें। इन दोनों सील बंद को एक बड़े लिफाफे में रखकर सील बंद कर निर्धारित समय सीमा के पूर्व समर्पित करना होगा। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा की शर्त्तो में से नियम एवं शर्त्तो से संबंधित अभिलेख प्रकाशन के पश्चात् कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त करेंगे।

**कार्य/आपूर्ति का विस्तृत विवरण**

| Sl. | Particular's | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2024–25 का प्रशासनिक प्रतिवेदन एवं वर्ष 2025–26 वक्तव्य माननीय विधान सभा एवं विधान परिषद् सदस्यों के बीच बॉटी जानी है। सामग्रियाँ यथा एक्सक्यूटिव बैग/ट्रॉली बैग का कार्य। | – | – | – |

निविदा में उद्धत दर सभी प्रकार के कर सहित होंगे। निविदा में भाग लेने हेतु पैन सं0/अद्यतन आयकर विवरणी/आधार कार्ड एवं अद्यतन GST प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। सफल निविदादाताओं को कार्य/आपूर्ति आदेश निर्गत किये जाने के पश्चात् दो दिनों के अन्दर आपूर्ति का कार्य निश्चित रूप से पूर्ण करना होगा। आवंटन अपलब्ध होने पर भुगतान की कार्रवाई नियमानुसार स्त्रोत पर सभी कर की कटौती के पश्चात् की जायेगी। सभी या कोई निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य बाँटने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। अगर किसी अपरिहार्य कारणवश उक्त तिथि को अवकाश घोषित होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को प्राप्त किया जायेगा। सामग्री आपूर्ति दिये गये समयावधि के अंदर आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

निविदा की आवश्यक शर्त्तो को खान एवं भूतत्व विभाग की बेवसाईट www.state.bihar.gov.in/mines पर देखा जा सकता है एवं तदनुरूप चयनित फार्म को इसका अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक होगा।

06/3/25

सरकार के अपर सचिव
खान एवं भूतत्व विभाग